हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड
(भारत सरकार का एक उद्यम)
1, आशुतोष चौधुरी एवेन्यू, कोलकाता – 700019

विज्ञापन सं.: इस्टीटी./1/2003 (2017)

हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड (एचसीएल) एक सूचीबद्ध लाभदायक लम्बवत एकीकृत, बहु-इकाई, अनुसूची – क श्रेणी की मिनिरत्न केन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रम है, जिसका तांबे के उत्पादन के क्षेत्र में 2016-17 में रु. 1216.94 का सकल टर्नोवर हुआ था । इसकी गतिविधियों में खनन, रसायन-क्रिया, सांद्रीकरण, परिशोधन एवं तैयार माल का उत्पादन करना है, जिसे प्राकृतिक सौंदर्य से भरे झारखण्ड, मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र एवं गुजरात स्थित इसकी इकाइयों में किया जाता है । इसका निगमित कार्यालय कोलकाता में है । इकाइयों के अपने अच्छी तरह से विकसित टाउनशिप हैं, जहाँ आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध हैं । कम्पनी अब वृद्धि एवं विस्तरण की दिशा में अग्रसर है । इसका तरीका 'जन-केन्द्रित' है तथा सुनिर्दिष्ट नीतियों सहित विस्तृत मानव संसाधन विधियों के माध्यम से यह कर्मचारियों के विकास एवं अपेक्षाओं की आवश्यकताओं की पूर्ति करती है । अपने विकास की विधि की सहभागिता करने तथा प्रमुख पद की पूर्ति करने हेतु, कम्पनी द्वारा स्व-प्रेरित, पेशेवर शैक्षणिक योग्यतापूर्ण एवं सिद्ध क्षमता वाले अनुभवी भारतीय नागरिको को महाप्रबंधक (प्रचालन), ई-8 वर्ग में, रु. 1,20,000 – 3% - 2,80,000/- के वेतनमान पर कार्य करने के लिए आवेदन करने हेतु आमंत्रित किया जाता है ।

2. गणना तिथि

आयु/अनुभव/शैक्षणिक योग्यता का हिसाब एवं गणना किए जाने की तिथि 01 सितम्बर, 2017 होगी ।

अतः गणना तिथि को आवेदकों के पास अपेक्षित अर्हता, अनुभव आदि होना चाहिए और निर्धारित अधिकतम आयु प्राप्त नहीं होनी चाहिए ।

3. आयु-सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता

उक्त पद के लिए अधिकतम आयु-सीमा व न्यूनतम अनुभव तथा पीएसयू/सरकारी उम्मीदवारों के लिए समतुल्य निम्न वर्ग की न्यूनतम सेवा-अवधि संगणना की तिथि को निम्नानुसार होनी चाहिए -

आयु सीमा एवं पद शैक्षणिक योग्यता उपरांत आवश्यक अनुभव (वर्ष)		निम्न वर्ग में आवश्यक न्यूनतम सेवावधि (पीएसयू/सरकारी उम्मीदवारों के लिए.)	
अधिकतम आयु (से कम)	न्यूनतम आवश्यक अनुभव	निम्न वर्ग का वेतनमान	वर्षों की संख्या
54	20	1,00,000 - 3%- 2,60,000/-	02

4. शैक्षणिक योग्यता

<u>क) आवश्यक शैक्षणिक योग्यता</u> : पद के लिए आवश्यक शैक्षणिक योग्यता निम्नानुसार है :

इंजीनियरिंग/टेक्नोलॉजी में बैचलर डिग्री अथवा इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग में बैचलर डिग्री या ऑपरेशन्स रिसर्च/इंडस्ट्रियल में पोस्ट ग्रैजुएट डिग्री/डिप्लोमा सहित बैचलर डिग्री ।

ख) सरकार/यूजीसी/एआईयू/एआईसीटीई दिशानिर्देशानुसार समकक्ष शैक्षणिक योग्यता भी मान्य होगी।

ग) <u>अतिरिक्त अपेक्षित अर्हता</u>

उपरोक्त पैरा [4(क)] में वर्णित आवश्यक शैक्षणिक योग्यता के अलावा, खनिज रासायनीकरण, धातु प्रसंस्करण, परियोजना प्रबंधन आदि में अतिरिक्त/उच्च शैक्षणिक योग्यता आकांक्षित है।

5. अनुभव

क) पद की योग्यता हेतु आवश्यक न्यूनतम अनुभव को पैरा **[3]** में वर्णित किया गया है ।

ख) आवेदक को खनिज/धातु उद्योग में तकनीकी/संचालन/परियोजना प्रबंधन के क्षेत्र में प्रबंधन के वरिष्ठ पद का अनुभव होना चाहिए ।

ग) धातु खनन/खनिज प्रक्रिया/सांद्रीकरण-परिष्करण के क्षेत्र में कार्य हेतु अनुभव अपेक्षित है । ताम्र खनन/परिष्करण में कार्य के अनुभव को अतिरिक्त गुण माना जाएगा ।

<u>टिप्पणी</u> : शैक्षणिक अनुभव को अनुभव के तौर पर नहीं माना जाएगा ।

6. अन्य लाभ

वेतन के अलावा, चुने गए उम्मीदवार आईडीए, एचआरए (50 लाख से अधिक जनसंख्या वाले नगर के लिए बेसिक वेतन का 24%, 5 लाख से 50 लाख तक जनसंख्या वाले नगर के लिए बेसिक वेतन का 16% तथा 5 लाख से कम जनसंख्या वाले नगर के लिए बेसिक वेतन का 8%)/कम्पनी द्वारा प्रावधानित आवासीय प्रबंध (उपलब्धि के अनुसार), अनुलाभ एवं भत्ते (35% की सीमा तक 'कैफेटेरिया पद्धति' के अनुसार), पीआरपी, सीपीएफ आदि एवं स्वयं तथा आश्रितों के लिए कम्पनी के नियमों के अनुसार चिकित्सा लाभ के हकदार होंगे । ग्रैच्युटी नियमानुसार ।

7. आरक्षण

यह पद अनारक्षित है। पर, अजा/अजजा/ओबीसी/पीडबल्यूडी/भूतपूर्व सैनिक श्रेणी के अभ्यर्थी पात्रता मानदण्ड पूरा करने पर सरकारी नियम के अनुसार आवेदन कर सकते हैं ।

8. आयु में छूट

सरकारी दिशानिर्देशानुसार, अशक्त व्यक्ति (पीडबल्यूडी) लोगों के लिए आयु में छूट दी जा सकती है ।

9. आवेदन शुल्क

पीडबल्यूडी आवेदकों के अलावा सभी आवेदकों को एक गैर-वापसी आवेदन प्रसंस्करण शुल्क भरना होगा । इसके विवरण निम्नलिखित हैं -

(i) **रु.1,000/-** (रुपए एक हजार मात्र) – सामान्य एवं ओबीसी उम्मीदवारों के लिए ।

(ii) रु. **500/-** (रुपए पाँच सौ मात्र) – अजा एवं अजजा उम्मीदवारों के लिए ।

आवेदन शुल्क का भुगतान किसी अनुसूचित बैंक से हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड, कोलकाता पर देय एकाउण्ट पेयी डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) के द्वारा स्वीकार किया जाएगा, जिसकी वैधता तीन (3) महीनों तक की होगी । किसी भी अन्य तरीके का भुगतान स्वीकार नहीं होगा । विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि, यानि 09.11.2017 से पहले अथवा आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि, यानि 08.12.2017 के बाद जारी किया गया तथा कोलकाता के अलावा किसी भी अन्य जगह पर देय डिमाण्ड ड्राफ्ट स्वीकार नहीं होगा। उम्मीदवारों को अपना नाम, आवेदन किए गए पद का नाम तथा विज्ञापन संख्या को डीडी के पृष्ठ भाग पर लिखना होगा । डीडी को आवेदन की प्रतिलिपि (पैरा 14) के साथ ही भेजा जाना चाहिए ।

10. आंतरिक उम्मीदवार

हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड में सेवारत कर्मचारी जो कि विज्ञापन किए गए पद पर कार्य करने हेतु इच्छुक हो तथा, जिनके पास आवश्यक शैक्षणिक योग्यता एवं इसके उपरांत का अनुभव हो, उन्हें समुचित माध्यम द्वारा (इकाई/कार्यालय प्रधान) अपना आवेदन जमा करना होगा, जो कि विजिलेन्स/अनुशासनात्मक जाँच के प्रतिवेदन, दोनों के साथ, आवेदनों के जमा किए जाने की अंतिम तिथि से सात (07) दिनों पहले ही निगमित कार्यालय के पास एक साथ भेजा जाएगा । यदि कोई उपरोक्त प्रावधानों की आपूर्ति में अक्षम पाए गए, तो साक्षात्कार के समय उन आंतरिक उम्मीदवारों को एनओसी नहीं जारी की जाएगी । इन्हें आवेदन प्रसंस्करण शुल्क के भुगतान से छूट दी जाएगी तथा इनके लिए कोई आयु-सीमा नहीं होगी । पर, इन लोगों के पास आवेदित पद से ठीक निम्न पद एवं वर्ग/वेतनमान में कम से कम एक वर्ष के कार्य करने का अनुभव होना चाहिए ।

11. चुनाव की प्रणाली

क) पदों के लिए चुनाव की प्रणाली – जाँच किए हुए एवं चुने गए उम्मीदवारों के व्यक्तिगत साक्षात्कार पर ही केवल आधारित होगी ।

ख) प्राप्त आवेदनों की संख्या आदि के आधार पर प्रबंधन का अधिकार होगा कि वह उम्मीदवारों का चुनाव करे तथा चुनाव के तौर-तरीके (**modalities**), जैसे कि – स्थान/समय आदि के लिए निर्णय ले ।

12. बुलावा-पत्र

व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए बुलावा-पत्र केवल ई-मेल से भेजा जाएगा। उम्मीदवार के साथ समस्त पत्राचार ई-मेल/कम्पनी की वेबसाइट के माध्यम से होगा। उम्मीदवार द्वारा दिए गए किसी अवैध/गलत ई-मेल आईडी अथवा किसी भी अन्य कारण से हुई ई-मेल की हानि के लिए कम्पनी उत्तरदायी नहीं होगी ।

13. संशोधन/परिवर्तन/शुद्धि-पत्र

विज्ञापन के माध्यम से भर्ती से संबंधित किसी भी संशोधन/परिवर्तन/शुद्धि-पत्र को कम्पनी की वेबसाइट www.hindustancopper.com के माध्यम से ही प्रसारित किया जाएगा । अत: उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे समय-समय पर उक्त वेबसाइट पर जाकर स्वयं को अद्यतित करते रहें ।

14. आवेदन के लिए निर्देश

क) आवेदन करने से पहले, उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वे आवेदन में उल्लिखित पात्रता की कसौटी को पूरा करते हैं । आवेदन केवल एक बार जमा किया जाना चाहिए ।

ख) आवेदन को सफाईपूर्वक ए-4 आकार के पृष्ठ पर संलग्न आवेदन-प्रपत्र के प्रारूप में टाइप करके भरा जाए और यह निम्नलिखित दस्तावेजों की स्व-प्रमाणित प्रतिलिपियाँ सहित होनी चाहिए :

(i) 10 वीं कक्षा/मैट्रिकुलेशन का प्रमाण-पत्र एवं अंक तालिका ।

(ii) 12 वीं कक्षा [+2] /इंटरमीडिएट का प्रमाण-पत्र एवं अंक तालिका ।

(iii) स्नातक का प्रमाण-पत्र एवं अंक तालिका ।

(iv) स्नातकोत्तर/डिग्री/डिप्लोमा का प्रमाण-पत्र एवं अंक तालिका (यदि हों तो) ।

(v) पेशेवर शैक्षणिक योग्यता/अन्य शैक्षणिक योग्यता – प्रमाण-पत्र एवं अंक तालिका (यदि हों तो) ।

(vi) अनुभव प्रमाण-पत्र – तत्काल प्रथम [तद्संबंधित दस्तावेजों द्वारा प्रारम्भ की तिथि तथा रोजगार समाप्ति की तिथि स्पष्ट होनी चाहिए तथा योग्यता की मांग के अनुसार अनुभव की विधा स्पष्टतया उल्लिखित होनी चाहिए) ।

(vii) विज्ञापन में उल्लेखानुसार (सरकार/पीएसयू आदि में कार्यरत उम्मीदवारों के लिए) आवेदित वर्ग के ठीक निचले वर्ग पर वर्तमान रोजगार का वेतनमान प्रमाणित करने वाले दस्तावेज ।

(viii) भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में जाति प्रमाण-पत्र (यदि प्रयोग्य हो तो) ।

(ix) सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी विकलांगता प्रमाण-पत्र (यदि प्रयोग्य हो तो) ।

(x) फोटो पहचान-पत्र (वोटर कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस/पैन/आधार/पासपोर्ट) ।

(xi) सीवी (करिकुलम वाइटेई) की प्रतिलिपि ।

(xii) उपरोक्त पैरा 9 के अनुसार डिमाण्ड ड्राफ्ट ।

ग) उपरोक्त सभी दस्तावेजों को सही तरह से अनुक्रमित किया जाए ।

घ) निर्दिष्ट प्रारूप में भरा गया आवेदन-पत्र, पैरा 14 (ख) के अनुलग्नक सहित एक लिफाफे में भरा जाना चाहिए, जिसके ऊपर लिखा हो 'महाप्रबंधक (प्रचालन) के पद हेतु आवेदन' और इसे स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड पोस्ट/कूरियर के माध्यम से 'सहायक महाप्रबंधक (मा.सं.), हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड, ताम्र भवन, 1, आशुतोष चौधुरी एवेन्यू, कोलकाता – 700019' पर भेज दिया जाए ।

ङ) भरे हुए आवेदनों की प्राप्ति की अंतिम तिथि <u>08.12.2017</u> है ।

च) भरे हुए आवेदनों को जमा देने से पहले आवेदकों को सुनिश्चित कर लेना चाहिए की इसकी सभी प्रविष्टियाँ सही तरह से भरी गई एवं सही हैं ।

छ) आवेदन भेजने के पूर्व, अभ्यर्थी आवेदन प्रपत्र तथा डिमान्ड ड्राफ्ट को स्कैन कर ई-मेल आई.डी.यानि **careers@hindustancopper.com** पर भेज सकते हैं । उसके पश्चात् वे अपने आवेदन प्रपत्र की स्थिति को डाक विभाग, दूरसंचार मंत्रालय/कूरियर कंपनी के वेबसाईट पर ट्रैक कर सकते हैं । हॉलाकि अभ्यर्थिता तभी मानी जाएगी, जब अभ्यर्थी का पूर्ण आवेदन, डिमान्ड ड्राफ्ट तथा अन्य दस्तावेजों के साथ पैरा [14 (घ)] में वर्णित पते पर 08.12.2017 को अथवा उससे पहले पहुँच जाए । ई-मेल से प्राप्त आवेदन की स्कैन प्रतिलिपि का पर्याय केवल मिलान है ।

ज) यदि कोई आवेदन निर्दिष्ट प्रारूप से नहीं भरा गया, अधूरा, हस्ताक्षरित नहीं अथवा अंतिम तिथि के बाद प्राप्त किया गया हो, तो उसे निरस्त किया जा सकता है । डाक द्वारा भेजने के दौरान आवेदन के खो जाने अथवा देरी से मिलने के बारे में एचसीएल उत्तरदायी नहीं होगा । एचसीएल को अधिकार होगा कि वह बिना कारण बताए किसी भी आवेदन को निरस्त अथवा उम्मीदवारी को खारिज कर दे ।

झ) उम्मीदवारों के पास व्यक्तिगत साक्षात्कार में पाए गए अंकों का आर.टी.आई. के तहत खुलासा नहीं करने का विकल्प भी होगा । इसके लिए आवेदन पत्र में खुलासा नहीं करने के विकल्प पर (✓) पर चिह्न लगाएँ ।

15. आवेदन जमा देने का तरीका

आवेदनों को स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड पोस्ट/कुरियर से ही भेजा जाना चाहिए । अन्य किसी तरीके से भेजा गया आवेदन स्वीकार्य नहीं होगा ।

16. सामान्य

क) केवल भारतीय नागरिक आवेदन कर सकते हैं ।

ख) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना यथाशीघ्र अपने आवेदन जमा कर दें ।

ग) <u>उम्मीदवारों को यह ध्यान में रखना चाहिए कि आवेदन में उनके द्वारा भरे गए तथ्य पहले तो सत्य ही माने जाएंगे, पर, आवश्यकतानुसार उनकी सटीकता एवं सत्यता को स्थापित करने का दायित्व जब आवश्यकता होगी, तो उन्हीं की होगी ।</u>

घ) आवेदन में उल्लिखित नाम/कुलनाम/नाम की वर्तनी, शैक्षणिक/जाति प्रमाण-पत्रों आदि में किसी भी प्रकार की भिन्नता होने पर अभ्यर्थी को इस विषय में किसी न्यायिक दण्डाधिकारी/सक्षम प्राधिकारी के समक्ष बनाए गए सशपथ-पत्र हलफनामा, साक्षात्कार के समय जमा करना होगा, अन्यथा उनकी उम्मीदवारी खारिज की जा सकती है ।

ङ) साक्षात्कार के लिए बुलाए गए तथा वास्तव में साक्षात्कार किए गए अजा/अजजा/पीडबल्यूडी/ईएसएम उम्मीदवारों को भारत में उनके पत्राचार के स्थान से निकटतम मार्ग द्वारा साक्षात्कार के स्थान तक आने-जाने के यात्रा-व्यय (रेलवे एसी-1/एक्से. सीसी अथवा एयर एपेक्स/निम्नतम श्रेणी) का वास्तविक यात्रा के प्रमाण को प्रस्तुत करने पर (रेलवे एसी-1/एक्से. सीसी अथवा एयर एपेक्स/निम्नतम श्रेणी) के अनुसार प्रयोग्य नियम के अनुसार भुगतान किया जाएगा ।

रेलवे से जुड़े स्थान के अभाव में, सड़क परिवहन द्वारा बस द्वारा यात्रा के प्रमाण को प्रस्तुत करने पर भुगतान किया जाएगा ।

च्) सरकारी/अर्ध-सरकारी/सार्वजनिक उपक्रमों में नियोजित उम्मीदवार अपने आवेदन <u>समुचित माध्यम</u> से भेजें । इसके बदले में, साक्षात्कार के समय वे अपने वर्तमान नियोक्ता से अपने लिए प्राप्त कोई आपत्ति नहीं (एनओसी) का प्रमाण-पत्र भी प्रस्तुत कर सकते हैं, अन्यथा उनका साक्षात्कार नहीं लिया जाएगा तथा यात्रा-व्यय का भुगतान भी नहीं होगा । पर, आंतरिक उम्मीदवारों पर यह बात लागू नहीं होगी, क्योंकि उनके मामलों पर इस विज्ञापन के पैरा 10 के प्रावधान लागू होते हैं ।

छ) चुनाव की प्रक्रिया के किसी भी चरण में एचसीएल को अधिकार होगा कि वह उम्मीदवार को अयोग्य पाने पर पद हेतु उनके आवेदन को खारिज कर दे ।

ज) एचसीएल को अधिकार होगा कि वह आवश्यकता पड़ने पर बिना कोई कारण बताए या बिना किसी सूचना के रिक्तता की संख्या में परिवर्तन तथा/ अथवा चुनाव प्रक्रिया को खारिज/सीमित/संशोधित/बदल सके ।

झ) चुने गए उम्मीदवारों को कम्पनी के लिए उसके व्यवसाय के हित में, भारत/विदेश में कहीं भी कार्य करना होगा ।

ञ) अन्य तथ्यों के समान होने पर, धातु खनन उद्योग के उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी ।

ट) किसी भी कारण से ई-मेल/डाक में हुए विलम्ब अथवा हानि के लिए एचसीएल उत्तरदायी नहीं होगा ।

ठ) आवेदक द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के अनुयाचन (canvassing) के कारण उनकी पद हेतु उम्मीदवारी खारिज हो जाएगी ।

ड) इस चुनाव प्रक्रिया में किसी भी प्रकार के कानूनी विवाद का कानूनी दायरा कोलकाता तक ही सीमित होगा ।

ढ) एचसीएल एक समान अवसर प्रदाता नियोक्ता है ।

महत्वपूर्ण तिथियाँ		
क्र.सं.	मद	**तिथि**
1.	योग्यता मानदण्ड की गणना तिथि	01.09.2017
2.	विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि	09.11.2017
3.	एचसीएल में पूर्णतया भरे गए आवेदनों के प्राप्त होने की अंतिम तिथि	08.12.2017

टिप्पणी : भर्ती विज्ञापन के अंग्रेजी संस्करण तथा हिंदी संस्करण में भिन्नता होने पर अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा ।

+++++++++++++++++++++++++++++

हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड | Hindustan Copper Limited

कार्मिक निदेशालय, निगमित कार्यालय, कोलकाता | Personnel Directorate, Corporate Office, Kolkata

आवेदन प्रपत्र | Application Form

निर्देश Instructions

1.	सभी प्रविष्टियां बड़े अक्षरों में भरें।	All entries to be made in BLOCK CAPITALS.
2.	नाम मैट्रिक प्रमाणपत्र के अनुसार हो।	Name to be recorded as in Matric Certificate.
3.	प्रत्येक शब्द के बाद एक ब्लाक रिक्त छोड़ें।	Leave ONE BLANK BOX after each word.
4.	तिथि DD/MM/YYYY के अनुसार भरें।	Date to be entered in DD/MM/YYYY fashion.
5.	निर्दिष्ट स्थान पर चिन्ह (✓) का प्रयोग करें।	Use TICK MARK (✓) where prescribed.

आवेदन सम्बंधी विवरण Details of Application

पद का नाम / ग्रेड Name of Post / Grade	General Manager (Operations)		E-8
वेतनमान (रू) Scale of Pay (Rs.)	1,20,000-3%-2,80,000/-		
डिमांड ड्राफ्ट संख्या Demand Draft No.		तिथि Date	/ / 2 0 1 7
बैंक और शाखा का नाम Issuing Bank & Branch			

अपनी नूतन पासपोर्ट आकार की फोटो चिपकाएं
Affix your recent passport size photograph

आवेदक के विवरण Details of the Applicant

पूरा नाम Full Name	
पिता का नाम Father's Name	

लिंग Gender (✓)	पुरूष Male	स्त्री Female
वैवाहिक स्थिति (✓) Marital Status	अविवाहित Unmarried	विवाहित Married

जन्म तिथि Date of Birth	/ /
पहचान चिन्ह Identification Mark	

मातृभाषा Mother Tongue	राष्ट्रीयता Nationality	धर्म Religion	स्थाई निवास राज्य Domicile State

श्रेणी Category (✓)	सामान्य General	अनुसूचित जाति Scheduled Caste	अनुसूचित जनजाति Scheduled Tribe	अन्य पिछड़ी जाति Other Backward Class	अशक्त व्यक्ति Person With Disability	पूर्व सैनिक Ex-Serviceman

पत्राचार हेतु वर्तमान पता Present Address for Communication	स्थाई पता Permanent Address
पिन कोड PIN Code	पिन कोड PIN Code

दूरभाष Phone		दूरभाष Phone	
मोबाईल Mobile		मोबाईल Mobile	

ईमेल Email	

भाषा ज्ञान Language Known (✓)			
भाषा Language	पढ़ना Read	लिखना Write	बोलना Speak
अंग्रेज़ी English			
हिन्दी Hindi			

वर्तमान नियोजन Present Employment		
नियोजित हैं Employed(✓)	हां Yes	नहीं No
यदि हां तो विवरण दें If yes, give details		
पीएसयू / सरकार PSU /Government(✓)	हां Yes	नहीं No
संस्था Organisation		
पद Post		
तिथि से From Date	/ /	

हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड — Hindustan Copper Limited

कार्मिक निदेशालय, निगमित कार्यालय, कोलकाता — Personnel Directorate, Corporate Office, Kolkata

आवेदन प्रपत्र — Application Form

शैक्षिक विवरण Academic Records

उत्तीर्ण परीक्षा Examination Passed	बोर्ड / विश्वविद्यालय का नाम Name of Board / University	पाठ्यक्रम की अवधि Duration of Course	वर्ष Year	(%) प्राप्तांक Marks Obtained	श्रेणी Division	मुख्य विषय Main Subjects
मैट्रिक Matric				.		
उच्च माध्यमिक +2				.		
स्नातक Graduation				.		
स्नातकोत्तर Post Graduation				.		
				.		

नियोजन विवरण Employment Records

क्रमांक Sl. No.	संस्था का नाम Name of Organisation	अंतिम पदनाम Last Post Held	अवधि (तिथि) Duration (Date)		वेतनमान Pay Scale	अन्तिम वेतन Last Salary (रू Rs.PA)	छोड़ने का कारण Reason For Leaving
			से From	तक To			

तत्काल अगले नीचे ग्रेड में अनुभवे Experience in Immediate Next Below Grade

वेतनमान Pay Scale				से From	/ /
अवधि Duration	Years	Months	Days	तक To	/ /

विशेष टिप्पणी यदि काई हो Special Remarks, if any

विविध Miscellaneous

हॉबी एवं रूचि Hobby & Interest

आप से सम्बन्धित कोई कानूनी या अनुशासनिक मामला Any Court or Disciplinary case against you (✓)	हां Yes	नहीं No

यदि हां तो विवरण दें If yes, give details

प्रकाशन / पुरस्कार / छात्रवृत्ति Publications / Awards / Scholarship

हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड | Hindustan Copper Limited

कार्मिक निदेशालय, निगमित कार्यालय, कोलकाता | Personnel Directorate, Corporate Office, Kolkata

आवेदन प्रपत्र | Application Form

संक्षेप में आप की कैरियर अपेक्षाएं Your Career Expectation In Brief

आर टी आई के अंतग्रत अंको का प्रकटन DISCLOSURE OF MARKS UNDER RTI SCHEME

आर टी आई के अंतग्रत मेरे अंक सभी के लिए प्रकट किए जाए My marks may be disclosed under RTI Scheme for everyone(✓)

Yes	**No**

घोषणा Declaration

मैं घोषणा करता हूं कि हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड में नियोजन हेतु वर्णित पद पर मेरी उम्मीदवारी के सम्बन्ध में इस फार्म में मेरे द्वारा प्रदान किए गए सभी विवरण मेरे ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार सत्य हैं।मैं यह भी समझता हूं और वचन देता हूं कि इनमें यदि किसी प्रकार की त्रुटि या विलोपन हो अथवा मेरे द्वारा प्रदत्त विवरण गलत पाए गए तो मेरी उम्मीदवारी अस्वीकृत हो सकती है तथा मेरा चयन / नियुक्ति निरस्त किया जाएगा।

I hereby declare that the details provided by me in this form in respect of my candidature for appointment in Hindustan Copper Limited for the post mentioned are true to the best of my knowledge and belief. I also understand and undertake that in the event of any misrepresentation or omission of details or any information being found to be incorrect, my candidature shall be liable to be rejected and my selection / appointment shall be rendered invalid.

स्थान Place: ______________________________

तिथि Date: _________ / _________ / 2017 उम्मीदवार का हस्ताक्षर Signature of the Candidate

संलग्न दस्तावेजों की सूची List of Enclosed Documents		
क्र SN	संलग्न दस्तावेज Enclosed Documents	पृष्ठों की संख्या Nos. of Pages
1.		
2.		
3.		
4.		
5.		
6.		
7.		
8.		
9.		
10.		
11.		
12.		
13.		
14.		
15.		

कार्यालय के प्रयोग हेतु For Official Use Only